Punjab Kesari

# टेट परीक्षाओं की आंसर-की जारी

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला की ओर से 10 विषयों की अध्यापक पात्रता परीक्षाएं निर्धारित तिथियों पर प्रदेशभर में आयोजित की गईं। इन परीक्षाओं की अस्थायी उत्तर कुंजियां (सीरीज ए, बी, सी व डी) बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई हैं। किसी भी उत्तर पर आपत्ति होने की स्थिति में अभ्यर्थी अपने प्रमाणित तथ्यों सहित आठ दिसंबर 2025 तक ई-मेल पर या कार्य दिवसों में बोर्ड कार्यालय में दस्ती तौर पर आपत्ति जमा करवा सकते हैं। स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा द्वारा भेजी गई आपत्तियां भी आठ दिसंबर सायं पांच बजे तक अनिवार्य रूप से बोर्ड कार्यालय पहुंचना आवश्यक है।

# टेट आंसर-की बोर्ड की वेबसाइट पर हुई अपलोड

जागरण संवाददाता, धर्मशाला : प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि बोर्ड ने 10 विषयों की अध्यापक पात्रता परीक्षा (टेट) से संबंधित अस्थायी उत्तर कुंजियां/आंसर की (ए, बी, सी, डी सीरीज) बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर दी हैं।

उन्होंने बताया कि यदि अभ्यर्थी किसी को आपत्ति हो तो वह आठ दिसंबर तक अनुभाग अधिकारी, प्रश्न पत्र निर्धारण शाखा को ईमेल पर भजे सकते हैं। दस्ती तौर पर भी कार्य दिवस में बोर्ड कार्यालय में जमा करवा सकते हैं।

शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष ने बताया कि आठ दिसंबर के बाद आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी दूरभाष नंबर 01892 242134 पर संपर्क कर सकते हैं।

## योग्यता आधारित प्रश्न पत्र वेबसाइट पर उपलब्ध

स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि बोर्ड ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 (एनईपी-2020) के अनुरूप योग्यता आधारित प्रश्न बैंक तैयार करवाए हैं। ये प्रश्न बैंक कक्षा दसवीं के अंग्रेजी, हिंदी, गणित, विज्ञान तथा सामाजिक विज्ञान विषयों के साथ कक्षा जमा दो के अंग्रेजी, हिंदी, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जीव विज्ञान, लेखा शास्त्र, व्यवसाय अध्ययन, अर्थशास्त्र, इतिहास, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान तथा भूगोल विषयों के लिए उपलब्ध कराए गए हैं। सभी प्रश्न बैंक बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि यह सामग्री प्रदेश के विद्यार्थियों को मार्च 2026 की बोर्ड परीक्षाओं के साथ नीट, जेईई और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# टेट की अस्थायी उत्तर कुंजी जारी

**धर्मशाला।** हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड ने नवंबर में हुई अध्यापक पात्रता परीक्षा की अस्थायी उत्तर कुंजियों को वेबसाइट पर जारी कर दिया है। कुंजी के संदर्भ में अभ्यर्थी 8 दिसंबर तक प्रमाणित तथ्यों के साथ आपत्तियां दर्ज करवा सकते हैं।

बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि 2 नवंबर को पंजाबी और उर्दू, 5 को आर्ट्स और मेडिकल, 8 को जेबीटी और संस्कृत, 9 को नॉन मेडिकल व हिंदी और 16 नवंबर को स्पेशल एजुकेटर विषय के लिए अध्यापक पात्रता परीक्षा का आयोजन किया था। संवाद

Punjab Kesari

# अध्यापक पात्रता परीक्षाओं की अस्थायी उत्तर कुंजियां जारी, 8 दिसम्बर तक भेजी जा सकती हैं आपत्तियां

धर्मशाला, 2 दिसम्बर (प्रियंका): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि बोर्ड द्वारा 10 विषयों की अध्यापक पात्रता परीक्षाएं प्रदेश भर में स्थापित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में क्रमवार आयोजित की गई थीं।



इनमें पंजाबी तथा उर्दू की परीक्षा 2 नवम्बर 2025 को, टी.जी.टी. आर्ट्स तथा मैडीकल की परीक्षा 5 नवम्बर 2025 को, डी.एल.एड. (जे.बी.टी.) तथा टी.जी.टी. संस्कृत की परीक्षा 8 नवम्बर 2025 को, टी.जी.टी. नॉन-मैडीकल तथा टी.जी.टी. हिन्दी की परीक्षा 9 नवम्बर 2025 को तथा स्पैशल एजुकेटर (प्री-प्राइमरी से 5वीं) एवं स्पैशल एजुकेटर (कक्षा छठी से 12वीं) की परीक्षा 16 नवम्बर 2025 को आयोजित की गई।

उन्होंने बताया कि इन सभी परीक्षाओं की अस्थायी उत्तर कुंजियां (प्रोविजनल आंसर कीज) सीरीज ए, बी, सी एवं डी बोर्ड की वैबसाइट पर अपलोड कर दी गई हैं। यदि किसी अभ्यर्थी को उत्तर कुंजी में दर्ज उत्तरों पर किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वे अपने प्रमाणित तथ्यों सहित 8 दिसम्बर तक अनुभाग अधिकारी, प्रश्न पत्र निर्धारण शाखा को ई-मेल पर भेज सकते हैं। अभ्यर्थी अपनी आपत्तियां दस्ती तौर पर भी कार्यदिवसों में बोर्ड कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। 8 दिसम्बर 2025 के उपरांत प्राप्त किसी भी मौखिक या लिखित आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

# प्रश्न पत्र तैयार नीट-जेईई के लिए मिलेगी मदद



धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला की ओर से राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप योग्यता आधारित प्रश्न बैंक तैयार करवाए हैं। ये प्रश्न बैंक कक्षा दसवीं और कक्षा जमा दो के विषयों के लिए उपलब्ध कराए गए हैं। बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि सभी प्रश्न बैंक बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि यह सामग्री प्रदेश के विद्यार्थियों को मार्च 2026 की बोर्ड परीक्षाओं के साथ-साथ नीट, जेईई और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# स्कूल शिक्षा बोर्ड ने अपलोड किए प्रश्नबैंक, स्टूडेंट्स को मिलेगा लाभ

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला ने अंग्रेजी, हिंदी, गणित, विज्ञान तथा सामाजिक विज्ञान विषयों तथा जमा दो कक्षा के लिए अंग्रेजी, हिंदी, फिजिक्स, केमिस्ट्री, गणित, बायोलॉजी, अकाउंटेंसी बिजनेस स्टडी, इकोनॉमिक्स, हिस्ट्री, पॉलिटिकल साइंस, सोशियोलॉजी, साइकोलॉजी तथा ज्योग्राफी विषयों के नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूपयोगिता निर्धारित आधारित प्रश्न बैंक तैयार करवाए है जो की बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है। उक्त प्रश्न बैंक प्रदेश के विद्यार्थियों को आगामी मार्च 2026 की परीक्षाओं तथा नीट तथा जेईई व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए सहायक होंगे। यह जानकारी हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के समस्त संबंध तथा प्राप्त विद्यालय प्रमुखों से आह्वान है कि वह इन प्रश्न बैंकों को बोर्ड वेबसाइट से डाउनलोड कर प्रदेश के विद्यार्थियों से साझा करें।

# 10वीं और 12वीं कक्षा के लिए बोर्ड ने तैयार करवाया प्रश्न बैंक: डॉ. राजेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला ने कक्षा दसवीं के अंग्रेजी, हिंदी, गणित, विज्ञान तथा सामाजिक विज्ञान विषयों तथा जमा दो कक्षा के लिए अंग्रेजी, हिंदी, फिजिक्स, केमिस्ट्री, गणित, बायोलॉजी, अकाउंटेंसी बिजनेस स्टडी, इकोनॉमिक्स, हिस्ट्री, पॉलिटिकल साइंस, सोशियोलॉजी, साइकोलॉजी तथा ज्योग्राफी विषयों के नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूपयोगिता निर्धारित आधारित प्रश्न बैंक करवाया तैयार करवाए हैं, जो कि बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है। प्रश्न बैंक प्रदेश के विद्यार्थियों को आगामी मार्च 2026 की परीक्षाओं तथा नीट तथा जेईई व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए सहायक होंगे। स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि प्रदेश के समस्त संबंध तथा प्राप्त विद्यालय प्रमुखों से आह्वान है कि वह इन प्रश्न बैंकों को बोर्ड वेबसाइट से डाउनलोड कर प्रदेश के विद्यार्थियों से साझा करें।

# दस विषयों की टेट परीक्षा की अस्थायी उत्तर कुंजियां बोर्ड वेबसाइट पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** स्कूल शिक्षा बोर्ड ने दस विषयों की अध्यापक पात्रता परीक्षाओं की अस्थायी उत्तर कुंजियां अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दी हैं। अभ्यर्थियों को यदि किसी उत्तर पर आपत्ति हो तो वे प्रमाणित तथ्यों के साथ 8 दिसंबर तक ई-मेल या दस्ती तौर पर अनुभाग अधिकारी, प्रश्न पत्र निर्धारण शाखा को भेज सकते हैं। 8 दिसंबर के बाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। डाक के माध्यम से भेजने वाले अभ्यर्थियों की आपत्तियां 8 दिसंबर सायं पांच बजे तक बोर्ड कार्यालय में पहुंचनी चाहिए। अधिक जानकारी के लिए 01892-242134 पर संपर्क किया जा सकता है।